प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना

कार्यालय
अधिशासी अभियन्ता
पी0एम0जी0एस0वाई0, सिं0ख0–2
नई टिहरी

Tele Phone No. :- 01376-232321
Fax No. :- 01376-232321
E-Mail ID :- eepmgsytehri2@rediffmail.com

पत्रांकः– 281 /पी0–सिं0ख0–2/ दिनांक 21/03/2018

सेवा में,

प्रभागीय वनाधिकारी,
मसूरी वन प्रभाग, मसूरी।

विषयः– प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत जनपद टिहरी गढ़वाल के विकास खण्ड जौनपुर में रायपुर–कुमाल्डा–कद्दूखाल मोटर मार्ग के किमी0 35.00 से घेना मोटर मार्ग (लम्बाई–3.325) के निर्माण हेतु वांछित 2.0825 है0 वन भूमि को गैर वानिकी कार्यों हेतु वन संरक्षण अधिनियम 1980 के अन्तर्गत पी0एम0जी0एस0वाई0, सिं0ख0–2 नई टिहरी को प्रत्यावर्तन का प्रस्ताव।

संदर्भ :– आपका पत्रांक–2658/12–1, दिनांक : मसूरी, 29, जनवरी 2018

महोदय,

उपरोक्त विषयक संदर्भित पत्र का अवलोकन करने का कष्ट करें, जिसमें लगायी गयी आपत्तियों का बिन्दुवार निराकरण निम्नानुसार है :–

1– ऑनलाईन प्रस्ताव के भाग–1 के K(a) में अपलोड वन अधिकार अधिनियम 2006 के अन्तर्गत जिलाधिकारी, टिहरी गढ़वाल द्वारा निर्गत (प्रपत्र 30) Form-I (प्रपत्र 30.1) तथा (प्रपत्र 30.2) Form-II अनापत्ति प्रमाण पत्रों में जिलास्तरीय बैठक (मीटिंग की तिथि) अंकित कर पुनः अपलोड कर दी गयी है।

2– ऑनलाईन प्रस्ताव में भाग–1 के L(c) Copy of Kml File of the patch क्षतिपूरक वृक्षारोपण हेतु चयनित/प्रस्तावित स्थल की Kml File यथास्थान पर अपलोड कर दी गयी है।

3– ऑनलाईन प्रस्ताव के भाग–1 L(e) Present Owner में क्षतिपूरक वृक्षारोपण हेतु चयनित/प्रस्तावित सिविल भूमि का वर्तमान स्वामित्व प्रमाण पत्र/वैद्यानिक स्थिति सम्बन्धी सही जानकारी यथा स्थान पर आवश्यक संशोधन कर अपलोड कर दी गयी है।

4– प्रस्तावित मोटर मार्ग के निर्माण हेतु आपेक्षित 2.0825 है0 वन भूमि के बदले दुगनी वांछित 4.165 है0 क्षतिपूरक वृक्षारोपण हेतु ग्राम घेना के अन्तर्गत विभिन्न 6 खसरा नम्बर सिविल सोयम भूमि का वन अनवरत न होकर छोटे छोटे टुकड़ों में होने के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि यह जनपद के अन्तर्गत उपलब्ध लैण्ड बैंक में भूमि की उपलब्धता के अनुसार ही राजस्व विभाग द्वारा उपलब्ध कराई गयी है एवं प्रस्ताव तैयार कराते समय इस पर किसी भी स्तर से कोई भी आपत्ति नहीं थी। इस सम्बन्ध में राजस्व विभाग से सम्पर्क करने पर उनके द्वारा एक ही स्थान पर भूमि देने पर असमर्थता जतायी गयी है।

अधिशासी अभियन्ता
पी0एम0जी0एस0वाई0 सिंचाई खण्ड–2
नई टिहरी

पत्रांकः– /पी0–सिं0ख0–2/ तद्दिनांक।

प्रतिलिपि :– जिलाधिकारी महोदया, टिहरी गढ़वाल को बिन्दु संख्या 04 के क्रम में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित। निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषित।

अधिशासी अभियन्ता
पी0एम0जी0एस0वाई0, सिंचाई खण्ड–2
नई टिहरी